# *कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी*

## *प्रेस नोट*

***दिनांक-07.02.2025***

**विषय: थाना बड़ागांव पुलिस ने चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त अभय कुमार सिंह उर्फ अंकित सिंह को गिरफ्तार किया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 06.02.2025 को थाना बड़ागांव पुलिस द्वारा मुखबिर कि सूचना पर प्राइमरी स्कूल कुड़ी के पास से 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त अभय कुमार सिंह उर्फ अंकित सिंह पुत्र संजय सिंह, निवासी ग्राम कुसही, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण–** पूछताछ के दौरान अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि उसके पास जो पल्सर मोटरसाइकिल है, वह चोरी की है। यह मोटरसाइकिल उसने और उसके दोस्त ने मिलकर नवम्बर 2024 में लंका थाना क्षेत्र के बुटीक सेन्टर के सामने से चुरा ली थी। चोरी के बाद उन्हें डर था कि पुलिस उन्हें पकड़ न ले, इसलिए उन्होंने मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट बदल दी और उस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगा दी। इस प्रकार, वे इस मोटरसाइकिल का उपयोग कर रहे थे। उसने कहा, पकड़े जाने के डर से मैं भागना चाहता था, लेकिन मैं पकड़ लिया गया। मेरा साथी भागने में सफल रहा।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** अभय कुमार सिहं उर्फ अंकित सिंह पुत्र संजय कुमार सिंह, नि0 ग्राम कुसही, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण –** एक काले रंग की पल्सर मोटरसाईकिल ( रजि0न0 - UP63AL 6027, चेचिस न0 MD2A11CY3KRA29707, इंजन न0 DHYRKA55420 )

**पंजीकृत अभियोग–** मु0अ0स0 050/2025 धारा 341(2), 317(2) बीएनएस थाना बड़ागाँव कमिश्नरेट वाराणसी।

**अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 467/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0स0 288/2024 धारा 115(2),352,351(2),351(3) बीएनएस, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0स0 366/2020 धारा 380,411,457 भादवि, थाना बड़ागांव, कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः</u>**

प्र0नि0 अतुल कुमार सिंह, थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

उ0नि0 नन्दलाल कुशवाहा थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

उ0नि0 अविनाश कुमार सिंह थाना बड़ागांव कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन

कमिश्नरेट वाराणसी